तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

2 सीपीआई ने लाल सलाम के साथ से निकाली ...



2 मथनीबेड़ा में अस्मिता परियोजना हुआ प्रारंभ...



## खबर संक्षेप



### अभद्र पोस्ट पर भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ की शिकायत

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने शनिवार को कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य के खिलाफ फेसबुक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भ्रामक व नारी लज्जा को अपमानित करने वाली आपत्तिजनक पोस्ट करने की लिखित शिकायत सिटी कोतवाली में कराई है । साथ ही कार्यवाही की मांग की गई है। बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओ ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत थाना प्रभारी को सौंपी। जिला अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर ने कहा कि यह अत्यंत गंभीर विषय है। कांग्रेस अध्यक्ष ने फेसबुक पर नारीशक्ति वंदन अधिनियम से जोड़कर अभद्र व नारी लज्जा को प्रभावित करने वाली आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जो नारी का अपमान है और कांग्रेस व उनके पदाधिकारियों की मानसिकता को दशार्ता है। आईटी एक्ट की धाराओं सहित अन्य कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज करने आवेदन सौंपा है। कोतवाली में पहुंची कार्यकर्ताओं में सफीरा साहू, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, गीता नाग, आशा साहू, पूनम सिन्हा, बिजली बैद्य, माधुरी मंडल, रेखा सिंह, अनीता पटेल, बीबी चंदा बानो, त्रिवेणी रंधारी,झरना मोहंती, अंजू राय, श्वेता बघेल, कौशल्या क्षत्रिय, गायत्री बघेल, शशि ठाकुर, गोदावरी साहू, देवश्री भंडारी, हेमलता ठाकुर एस.शोभा रानी, राधा बघेल, मधुमिता कश्यप, झरना बांगर, प्रकाश झा, ब्रिजेश शर्मा, राजा यादव, अभिलाष यादव, ब्रजेश कपूर, परमेश राजा, आनंद झा, राज पांडे, गुलाम अशरफ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आंबा के बच्चों ने कला और खेल के जरिए खोजी पानी की दुनिया



**जगदलपुर।** बच्चों के प्रारंभिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से हाल ही में तितली संस्था के सहयोग से आंगनवाड़ी केंद्र में एक रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधि का आयोजन किया गया। शिक्षा और मनोरंजन के अनूठे संगम वाली इस गतिविधि में बच्चों को जलचरों की दुनिया से रूबरू कराया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के मार्गदर्शन में बच्चों ने उत्साह के साथ मछली, कछुआ और मेंढक जैसे पानी में रहने वाले विभिन्न जीवों के बारे में जाना। इस दौरान सीखने की प्रक्रिया को केवल बातों तक सीमित न रखते हुए इसे रचनात्मकता से जोड़ा गया। जहां बच्चों ने अपनी कल्पना के रंगों को कागज पर उकेरा। नन्हे हाथों ने रंग-बिरंगे चित्रों और आकर्षक कोलाज के ⏭ शेष पेज 2 पर

# अक्षय तृतीया पर शुभ संयोगों का है संगम, बाजार में चमकेगी सोने-चांदी की खनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया का पावन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष यह दिन और भी विशेष बन गया है क्योंकि इसी दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती भी मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया स्वयं सिद्ध मुहूर्त होता है जिसमें बिना पंचांग देखे किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत की जा सकती है। इस बार तिथि के साथ कई शुभ योगों का संयोग बन रहा है। जिससे इसका महत्व और अधिक बढ़ गया है। शहर में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। सराफा बाजार से लेकर कपड़ा और इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारियों तक सभी ने विशेष तैयारियां शुरू कर ली हैं। विवाह सीजन की शुरूआत के साथ यह दिन खरीददारी के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। जिससे बाजारों में अच्छी खासी रौनक की संभावना है।

- प्रदोष काल में पूजा का विशेष महत्व खरीददारी से बाजार में बढ़ेगी चहल-पहल

## परशुराम जयंती है पुण्य पर्व, हर शुभ कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ दिन



### शुभ काल, योग और मुहूर्त का संयोग

ज्योतिष गणना के अनुसार तृतीया तिथि 19 अप्रैल सुबह 10:49 बजे से प्रारंभ होकर 20 अप्रैल सुबह 07:27 बजे तक रहेगी। इस दिन प्रदोष काल शाम लगभग 6:30 बजे से 8:45 बजे तक रहेगा। जो भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना गया है। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। जो नए कार्यों की शुरूआत, निवेश और खरीददारी के लिए अत्यंत शुभ संकेत दे रहा है।

## दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग

# बढ़ते आपराधिक वारदात, अवैध कब्जा व महिला असुरक्षा के खिलाफ बजरंग दल ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सामाजिक मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और देश में बढ़ती आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियों पर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में देश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं, अवैध कब्जों, महिलाओं के प्रति अपराध तथा सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की गई। संगठन ने मांग की कि ऐसे मामलों में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। प्रांत सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी ने जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अब बजरंगी ऐसे मामलों में चुप नहीं बैठेंगे और महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है।

- ज्ञापन देकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण की मांग रखी




जिला मंत्री नवीन देवांगन ने संगठन पदाधिकारियों से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करते रहने का आह्वान किया। जबीता मंडावी ने कहा कि देश में महिलाओं के खिलाफ हो रही घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो महिलाएं स्वयं आगे आकर संघर्ष करेंगी। जिला संयोजक विष्णु ठाकुर ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की बदसलूकी या दुराचार की कोशिश करने वालों के खिलाफ संगठन तत्काल कार्रवाई करने में सक्षम है और ऐसी हरकतें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। इस दौरान विभाग सह मंत्री श्रीनिवास रेड्डी, योगेन्द्र कौशिक ,जिला उपाध्यक्ष प्रेम चालकी, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, होमेश राठौड़, जिला संयोजिका मातृ शक्ति सुशीला साव, जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख सोम ठाकुर, अनिल अग्रवाल, पंकज मिश्रा, नगर सह संयोजक बजरंग दल अजय प्रताप सिंह, तमिश नायडू, सूरज पटनायक, अंशु नाग, गोकुल पाणिग्रही, लक्ष्य सेठिया, काशी चालाकी, लखन सेना,जितेश चिंगारे, रुद्र प्रताप ठाकुर, लक्ष्मीकांत पाणिग्रही, शिवांश बघेल, मोक्ष राव, दुर्गा वाहिनी से योशिका सेनापति, मातृ शक्ति से जयन्ती नागे, मानसी गुप्ता एवं अन्य बजरंगी उपस्थित रहे।



## बीमा कंपनी वाहन मरम्मत व्यय की राशि छह लाख अदा करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा शुक्रवार एक प्रकरण में आवेदक को यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा वाहन क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत व्यय की राशि 6 लाख रुपए एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 10 हजार रूपए पृथक से दिया जाएगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांकेर निवासी अधिवक्ता नाहिदा खानम द्वारा एक सेकंड हैंड कार क्रय की गई थी, जिसका बीमा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी द्वारा किया गया। आवेदक की उक्त वाहन एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिस हेतु आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेजों के साथ बीमा कंपनी के समक्ष क्षति दावा प्रस्तुत किया गया था। जिस पर बीमा कंपनी द्वारा बीमा पॉलिसी में नाम ट्रांसफर नहीं होने के कारण आवेदक का क्षति दावा निरस्त कर दिया गया था। इसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इसकी सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमाकर्ता, पॉलिसी के गैर हस्तांतरण के आधार पर देयता से इनकार नहीं कर सकता है और मोटर यान अधिनियम की धारा 157 के तहत बीमा पॉलिसी को वाहन स्वामित्व के साथ स्थानांतरित माना जाता है, इस कारण बीमा कंपनी द्वारा दावे से अस्वीकार करना अवैध है। आवेदक को हुई मानसिक परेशानी हेतु 10 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति पृथक दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

## पखांजूर क्षेत्र के बंगाली समाज ने मांगा भूमि स्वामित्व का अधिकार

बैशाख पर बंग बंधुओं ने मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बंगला नव वर्ष पहेला बैशाख के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के बंगाली समाज को सीएम हाउस में रात्रि भोज के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बस्तर संभाग से संभाग अध्यक्ष जीवानंद हालदार, महासचिव श्याम घोष, उपाध्यक्ष सुब्रतो विश्वास, सह सचिव प्रदीप गुहा, पखांजूर से जिला पंचायत सदस्य दीपांकर राय और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान दिया। समाज की ओर से दो मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में वर्षों से बसे बंगाली समाज को प्रदत्त भूमि का स्वामित्व अधिकार देने तथा जगदलपुर में एक संभाग स्तरीय बंग भवन के निर्माण की मांग शामिल रही। इन मांगों को समाज के विकास और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा अहम मुद्दा बताया गया।



इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बंगाली समाज को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस समाज ने छत्तीसगढ़ के विकास में विशेषकर बस्तर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पिछले छह दशकों से निवास कर रहे बंगाली समाज को भूमि स्वामित्व दिलाने के लिए राज्य सरकार गंभीरतापूर्वक प्रयास करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भूमि पट्टा कानून बनने के बावजूद स्वामित्व न मिलने के कारणों की जांच कराई जाएगी।



## कांग्रेस को मजबूत करने का कार्यकर्ताओं को बताया फंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पूर्व विधायक रेखचंद जैन एवं नगरनार ब्लॉक प्रभारी उमाशंकर शुक्ला की अध्यक्षता एवं नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया की उपस्थिति मेंआड़ावाल सेक्टर में 7 बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटी को बैठक हुई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की रीति नीति एवं जनहित के कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कहीं गई। बैठक में विजय सिंह, मोहन राव, प्रकाश राव, अगेना, प्रणय शील, वेंकट राव, शंकर गुप्ता, प्रवीण राव, त्रिनाथ राव, अभय सिंह, राजू, संतोष, हरषो सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बकाया के चलते हाउसिंग बोर्ड आवास आवंटन को करेगा रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हाऊसिंग बोर्ड बकायादार हितग्राहियों पर शिकंजा कसेगा। साथ ही आवास की बकाया के चलते आंबटन को रद्द करने की तैयारी कर रहा है। बकाया राशि की वसूली के लिए विभाग सख्त रुख अपना रहा है, बकाया न चुकाने वाले हितग्राहियों के घरों का आबंटन रद्द किया जा सकता है। साथ ही भुगतान न करने पर नाम सार्वजनिक करने की चेतावनी दी है। बताया जा रहा है कि बकायादार हितग्राहियों को कई बार बकाया के भुगतान के लिए नोटिस दिया गया पर हितग्राहियों ने नोटिस को अनदेखा किया गया है। साथ ही बोर्ड के कर्मचारी भी बकायादार हितग्राहियों के घर तक पहुंचे थे, फिर भी बकाया का भुगतान नहीं हो सका। इसलिए बोर्ड ने बकयादारों पर सख्ती करने की तैयारी कर दी है, जिसमें मकान को आबंटन निरस्त कर विक्रय किया जाएगा, जिससे बोर्ड को राजस्व मिल सके।



### बकाया राशि भुगतान करें

गृह निर्माण मंडल जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि हितग्राही स्ववित्तीय, एकमुश्त, ऑफर, भाड़ाक्रय आधार पर (केवल निर्मित भवनों के लिए) आबंटित बकाया राशि भुगतान करें।

## तापमान बढ़ने से बढ़ रही लोगों की परेशानी

# दिन में तेज धूप ने परेशान किया, शाम को बूंदा-बांदी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शनिवार को बस्तर अंचल में मौसम ने दोहरे तेवर दिखाए। सुबह से लेकर देर शाम तक तेज धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। वहीं तापमान भी करीब 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिनभर की झुलसाती गर्मी के बीच लोग राहत की आस लगाए बैठे थे, लेकिन शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली और 6 से 7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं के साथ अंधड़, गरज-चमक और हल्की बूंदाबांदी ने दस्तक दी। इस दौरान कही-कही पर कम मात्रा में ओले गिरने की सूचना है। हालांकि यह बारिश राहत देने के बजाय उमस बढ़ाने वाली साबित हुई। कुछ देर की बूंदाबांदी के बाद वातावरण में नमी बढ़ गई, जिससे चिपचिपी गर्मी ने लोगों को अधिक परेशान कर दिया। अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री और न्यूनतम 26.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब ढाई और साढ़े तीन डिग्री अधिक रहा। सुबह के समय कुछ स्थानों पर बादल और धूप का मिश्रित असर भी देखने को मिला। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार दिनभर आंशिक बादल छाए रहने और बीच-बीच में धूप निकलने की स्थिति बनी रही। शाम के समय अंधड़ और हल्की बारिश की संभावना पहले ही जताई गई थी जो सटीक साबित हुई। इस दौरान हवा की गति 6 से 8 मील प्रति घंटे रही, जबकि आर्द्रता सुबह 51 प्रतिशत और शाम को 60 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के मुताबिक विभिन्न द्रोणिकाओं और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखा जा रहा है। हालांकि प्रदेश में 19 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने और तापमान में खास बदलाव नहीं होने की संभावना है। बस्तर संभाग में मामूली गिरावट जरूर संभव है लेकिन ग्रीष्म लहर जैसे हालात बने रहने के संकेत हैं।



## शहर में दिव्य सत्संग की गूंज भक्ति व ज्ञान का हुआ संगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सतगुरु बाबा भगतराम साहिब की प्रेरणा से शहर में आयोजित दो दिवसीय दिव्य सत्संग एवं भजन कार्यक्रम ने श्रद्धा और भक्ति का अनूठा वातावरण निर्मित हुआ। सिंधी पंचायत एवं जय झूलेलाल समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में साईं कृष्णदास ने अपने प्रवचनों और संगीतमय भजनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया।

सत्संग के दौरान साईं कृष्णदास ने भक्ति, ज्ञान और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए जनमानस को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने सनातन संस्कृति के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु सपरिवार शामिल हुए और सत्संग का लाभ उठाया।



आयोजन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रभु प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के दौरान साईं कृष्णदास को बस्तर की पारंपरिक कलाकृति भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सिंधी पंचायत, गुरुद्वारा कमेटी, सुहिणी सोच महिला विंग, नवयुवक मंडल एवं पतंजलि योग समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का योगदान रहा। यह जानकारी जय झूलेलाल आयोजन समिति से विजय बसंतवानी एवं रविंद्र हेमनानी द्वारा दी गई।

## खबर संक्षेप

### स्वर्णकार समाज के हेमराज सोनी बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**धमतरी।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा बस्तर संभाग प्रभारी एवं गौ सेवा आयोग धमतरी जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी को छत्तीसगढ़ कन्नौजिया स्वर्णकार समाज में प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। समाज के अध्यक्ष भागवत सोनी एवं सचिव द्वारा यह जिम्मेदारी प्रदान की गई। इस अवसर पर हेमराज सोनी ने समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे स्वर्णकार समाज को संगठित कर प्रदेश में मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समाजों के कई प्रमुख जन उपस्थित रहे और उन्होंने हेमराज सोनी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### खेल पखवाड़ा : बैडमिंटन में खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**धमतरी।** शहर के व्यवसायी एवं खेल प्रेमी राजेश शर्मा द्वारा खेल पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। इस खेल पखवाड़े में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 18 एवं 19 अप्रैल को बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इस प्रतिस्पर्धा को तीन ग्रुप में बांट कर सीनियर ,जूनियर तथा बच्चों के लिए बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन किया गया है। आयोजक श्री शर्मा ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा सिर्फ प्रतिभागियों को समुचित खेल का मैदान देकर उन्हें तरासने के पश्चात तैयार करने का पवित्र उद्देश्य ही हमारा लक्ष्य है। इस पखवाड़े के संयोजक योगेश रायचुरा ने बताया कि जिस उद्देश्य को लेकर हम सारे लोग एक महीने तक विभिन्न खेलों को आयोजित कर रहे हैं उससे निश्चित ही शहर के खिलाड़ियों के बीच खेल एक नई ऊंचाई तथा दिशा को प्राप्त कर रहा है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस व परिजनों के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बोरिदखुर्द नयापारा निवासी विरेंद्र नेताम पिता धनेश उम्र 20 वर्ष मजदूरी करता था। युवक गुरुवार की रात्रि अपने खेत में जाकर वहां पर स्थित साजा के पेड़ में साड़ी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शुक्रवार की सुबह युवक को पेड़ पर फंदे में लटके देख रुद्री पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

पेज 3 का शेष

### आंबा के बच्चों ने....

माध्यम से अपनी सृजनात्मक क्षमता का परिचय दिया और पानी के भीतर के संसार को अपनी कला के जरिए जीवंत कर दिया। खेल-खेल में दी गई इस जानकारी ने न केवल बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया बल्कि उनके ज्ञान के दायरे को भी बढ़ाया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के सीखने के सफर को न केवल आसान बनाती हैं, बल्कि उनमें विषय के प्रति गहरी समझ और रुचि भी पैदा करती हैं। तितली संस्था और आंगनबाड़ी केंद्र का यह साझा प्रयास बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हो रहा है, जहां हर बच्चा अपनी गति और खुशी के साथ नई चीजें सीख रहा है।

**// शपथ पत्र //**

मैं बुधनाथ यादव उम्र 23 वर्ष पिता बुधराम यादव, निवासी 45, कोटवार पारा 1, ग्राम भुरसुंडी तहसील बस्तर जिला बस्तर छ.ग. 494223 शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूँ -

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम भुत नात पिता बुध राम अंकित है। जिसका आधार नंबर 8135 6410 6931 है। जिसमें मेरा नाम नाम त्रुटिपूर्ण अंकित है।
3. यह कि मेरे मतदाता परिचय पत्र में नाम बुधनाथ यादव पिता बुधराम यादव अंकित है । सत्य एवं सही है।
4. यह कि भुत नात पिता बुध राम एवं बुधनाथ यादव पिता बुधराम यादव दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात मेरा ही नाम है।
5. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम भुत नात पिता बुध राम (Budh Budhnath S/o. Budh Ram) के स्थान पर बुधनाथ यादव पिता बुधराम यादव (Budhnath Yadav S/o. Budhram Yadav) दर्ज करवाना चाहता हूँ।
6. यह कि मेरा नाम भुत नात पिता बुध राम (Budh Budhnath S/o. Budh Ram) से परिवर्तित कर बुधनाथ यादव पिता बुधराम यादव (Budhnath Yadav S/o. Budhram Yadav) किया गया है, अब मैं नये नाम से जाना, पहचाना एवं संबोधित की जाती है। मैं अपने नाम परिवर्तन की सूचना का प्रकाशन छत्तीसगढ़ के राजपत्र में कराना चाहता हूँ। जिस बाबत यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
बुधनाथ यादव

# मथनीबेड़ा में अस्मिता परियोजना हुआ प्रारंभ, महिलाओं को मिलेगा अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम मथनीबेड़ा में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने अस्मिता परियोजना का शुभारंभ किया। परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करना है। इस योजना के तहत महिलाओं को व्यक्तिगत पोल्ट्री शेड उपलब्ध कराकर स्थायी रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बताया कि पहले चरण में 7 महिला हितग्राहियों का चयन किया गया है, जिन्हें आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। परियोजना के तहत प्रति महिला लाभार्थी को सालाना लगभग 1.5 लाख रुपये तक की आय और मासिक 12–13 हजार रुपये कमाई का लक्ष्य रखा गया है।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल**



**त्रिपक्षीय मॉडल पर आधारित योजना**

यह परियोजना जिला प्रशासन, महिला हितग्राहियों और एबिस फूड एंड प्रोटीन्स के सहयोग से संचालित होगी, जिसमें तकनीकी प्रशिक्षण और बाजार सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल से महिलाओं की आय बढ़ने के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर पोषण और प्रोटीन उपलब्धता में भी सुधार होगा। परियोजना के तहत आगे चलकर सूकर पालन और मछली पालन जैसी गतिविधियों को भी जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## दर्जनभर से अधिक गांवों में लाल झंडा लेकर पहुंचे, एकता की ताकत दिखाई

# सीपीआई ने लाल सलाम के साथ से निकाली ग्रामीण प्रदर्शन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई जिला परिषद कोण्डागांव ने संघर्ष और जनअधिकारों की रक्षा का संदेश देते हुए लाल झंडा प्रदर्शन यात्रा निकाली। 17 अप्रैल को पार्टी कार्यकर्ता लाल सलाम के नारों के साथ मोटरसाइकिलों और चार पहिया वाहनों पर सवार होकर कोण्डागांव–माकड़ी ब्लॉक के विभिन्न गांवों में पहुंचे।

■ सीपीआई स्थापना की 100वीं वर्षगांठ पर आयोजन

सीपीआई कार्यकर्ताओं ने गांव–गांव पहुंचकर किया अपील – पार्टी के जिला परिषद से जुड़े कम्युनिस्ट साथियों ने चिपावंड, मालगांव कोण्डागांव ब्लॉक तथा अमरावती, बीजापुर, बड़े घोड़सोडा, किरमारी, बिंजोली, नेवरा, छतोड़ी, सोहंगा, बेड़ागांव, हिरलाभाट, आंगाकोना, अनंतपुर, गुमड़ी, एरला आदि गांवों में लाल झंडा लेकर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को संदेश दिया कि उनके अधिकारों की रक्षा और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए सीपीआई के कम्युनिस्ट साथी उनके साथ खड़े हैं। कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपील की कि संघर्ष के प्रतीक लाल झंडे को थामें और अपने अधिकारों के लिए एकजुट हों।



**सीपीआई का संदेश : जनता के अधिकारों की रक्षा और संघर्ष**

पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि सीपीआई ग्रामीण क्षेत्रें की स्थानीय समस्याओं जैसे जल, जंगल, जमीन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रही है। लाल झंडा प्रदर्शन यात्र के माध्यम से पार्टी जनता को एकजुट होने और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान कर रही है। यह यात्र सीपीआई की शताब्दी वर्ष की श्रृंखला में जारी है, जिसमें पार्टी अपने 100 वषोंर् के संघर्ष, बलिदान और जनसेवा की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। कोण्डागांव जिले में सीपीआई की ऐसी गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रें में पार्टी की उपस्थिति और जनसमर्थन को मजबूत करने का संकेत देती हैं।

**सीपीआई के 100 वर्ष पूरे होने पर जारी है सतत यात्रा**

यह यात्रा सीपीआई के 100वें स्थापना दिवस 26 दिसंबर 2025 के बाद से चल रही निरंतर गतिविधियों का हिस्सा है। पार्टी 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में स्थापित हुई थी और अब पूरे भारत में अपनी शताब्दी मना रही है। कोण्डागांव जिले के विभिन्न ब्लॉक–तहसीलों में हंसिया–हथौड़ा तथा हंसिया वाली निशान वाले लाल झंडे लेकर लाल सलाम के नारों के साथ ऐसी प्रदर्शन यात्रएं नियमित रूप से निकाली जा रही हैं। इन यात्रओं का उद्देश्य पार्टी का जनसंदेश गांव–गांव तक पहुंचाना और जनसमस्याओं पर संघर्ष को मजबूत करना है।

**राज्य और जिला नेतृत्व के निर्देश पर निकाली यात्रा**

यात्र सीपीआई छत्तीसगढ़ राज्य परिषद सचिव मंडल सदस्य कामरेड तिलक पांडे के निर्देश पर आयोजित की गई। जिला सचिव कामरेड शैलेश, सहायक सचिव कामरेड दिनेश और कामरेड जयप्रकाश के नेतृत्व में यह कार्यक्रम चला। इसमें सोमारू, बिसंबर, पतिराम, लक्ष्मण, रामकुमार, सराद्दू, मुकेश, सुखचरण, बुधियारिन, ब्रिजलाल, माहंगू, मानसिंग, दुबेश, घसिया राम, संतलाल, सोनसिंग, सोमनाथ, दीपेश सहित विभिन्न गांवों के दर्जनों कम्युनिस्ट साथी शामिल हुए। कार्यकर्ता चार पहिया और दो पहिया वाहनों से लाल झंडे लेकर निकले और पूरे रास्ते लाल सलाम, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया जिंदाबाद जैसे नारे लगाते रहे। यात्र उपरोक्त गांवों से होते हुए ग्राम एरला पहुंचकर समाप्त हुई।

# मुख्यमंत्री साय ने 33 सड़कों का किया वर्चुअल भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर से वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस–4 के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण चिलपुटी के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

■ 119 किमी ग्रामीण सड़कों का होगा विस्तार

33 सड़कों को मिली स्वीकृति पीएमजीएसवाई–4 बैच–1 के तहत जिले में 33 सड़कों को स्वीकृति मिली है। 119.80 किमी लंबाई, 105 करोड़ से अधिक लागत – इन सड़कों की कुल लंबाई 119.80 किलोमीटर है, जिसकी लागत 10,540.48 लाख रुपये निर्धारित की गई है। सड़क निर्माण से 34 बसाहटों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रें में आवागमन सुगम होगा।

**ग्रामीण कनेक्टिविटी को मिलेगी मजबूती**

इन परियोजनाओं से क्षेत्र की ग्रामीण कनेक्टिविटी मजबूत होगी और विकास कायोंर् को गति मिलेगी।

**जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति**

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, सरपंचगण एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भामाशाह जयंती पर धमतरी में गूंजेगा सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर युवा प्रकोष्ठ, जिला साहू संघ धमतरी द्वारा शहर में एक भव्य यातायात जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली मंगलवार 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे एस.पी. कार्यालय धमतरी से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए अंबेडकर चौक पर संपन्न होगी। कार्यक्रम के अंतर्गत घड़ी चौक में विशेष रूप से हेलमेट वितरण अभियान चलाया जाएगा।

रैली का मुख्य उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना और सुरक्षित यातायात के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अरुण साहू ने बताया कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिनमें युवा वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग नहीं करने के कारण गंभीर चोट और जनहानि की आशंका अधिक रहती है। श्री साहू ने बताया कि "सुरक्षित चलें, हेलमेट पहनें - जीवन अमूल्य है" संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह रैली निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। रैली के दौरान शहर में संकेतात्मक बाइक रैली के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# जनसमस्या निवारण शिविर में 25 को मिली आवास की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनपद पंचायत बड़े राजपुर के ग्राम पंचायत छिंदली में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विधायक नीलकंठ टेकाम और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

■ ग्राम छिंदली में सफल आयोजन, ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ समाधान

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को लाभ : कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 25 हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से आवास की चाबी प्रदान की गई। योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने खुशी व्यक्त करते हुए शासन के प्रति आभार प्रकट किया। ग्राम पंचायत छिंदली ने प्रधानमंत्री आवास योजना में शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



**मार्गदर्शन से मिली सफलता**

यह उपलब्धि जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन एवं सतत प्रयासों से संभव हो सकी। शिविर में आमजन की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और योजनाओं का लाभ उठाया।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाहों को रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और विशेष निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में जिलेभर में रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। सूचना मिलते ही होगी तत्काल कार्रवाई – बाल विवाह की सूचना मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन एवं आमजन द्वारा प्रशासन को सूचित कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

**बाल विवाह है दंडनीय अपराध**

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति के साथ–साथ कानूनन अपराध है।कानूनी आयु का पालन अनिवार्य – बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अनुसार लड़कों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और लड़कियों की 18 वर्ष निर्धारित है।

**जागरूकता कार्यक्रमों पर जोर**

स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों एवं धार्मिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बाल विवाह के दुष्परिणाम और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। ब्लॉक स्तर पर गठित दल कर रहे निगरानी – प्रत्येक विकासखंड में गठित दल पंचायत स्तर पर सतत निगरानी रखते हुए बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित कर रहे हैं।

# धमतरी जिला बायपास हाईवे पर पशुधन की अनियंत्रित आवाजाही

■ सड़क दुर्घटनाओं का कहर, मनुष्य–वन्यजीव दोनों की जान–माल का भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

छत्तीसगढ़ के धमतरी बायपास हाईवे के संचालन शुरू होते ही पशुधन की आवाजाही ने सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से पशुओं को हटाने के लिए ठेका-आधारित टीम, कैमरे और हेल्पलाइन नंबर की व्यवस्था की गई थी, लेकिन ये सारी सुविधाएं कागजों पर ही सिमटकर रह गई हैं। हेल्पलाइन नंबर या तो काम नहीं करता या शायद ही कभी उठाया जाता है। नतीजा – हर महीने कई गंभीर दुर्घटनाएं, जिनमें मानव जीवन और संपत्ति के साथ-साथ पशुधन व वन्यजीवों की भी मौत हो रही है। हाईवे पर बिना किसी रोक-टोक के घूमते गाय-बैल, भैंसें और अन्य पशु, वाहनों के सामने आ जाते हैं। रात के समय तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब ड्राइवर को अचानक सामने दिखने पर पशु को बचाने की कोशिश में वाहन अनियंत्रित हो जाता है। पिछले कुछ महीनों में हुई कई दुर्घटनाओं में दर्जनों लोग घायल हुए हैं, कई की मौत हो चुकी है। वाहनों को भारी क्षति पहुंची है। सबसे दर्दनाक बात यह है कि इन दुर्घटनाओं में पशुधन की भी जान चली जाती है। कई बार



वन्यजीव भी हाईवे पार करते समय वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। स्थानीय किसानों के मुताबिक, उनके मवेशी खुली चरागाहों की तलाश में हाईवे पर आ जाते हैं और फिर ट्रैफिक का शिकार बन जाते हैं।

एनएचएआई ने पशुओं की निगरानी के लिए कैमरे लगाए थे और एक ठेका-आधारित टीम को पशु हटाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। लेकिन जमीन पर इनका कोई असर नजर नहीं आता। हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने वाले लोगों का कहना है कि घंटों फोन लगाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिलता। ठेका टीम की गाड़ियां कभी-कभी दिखती हैं, लेकिन पशुओं को हटाने का कोई ठोस प्रयास नहीं होता। निगरानी कैमरे या तो बंद पड़े हैं या फिर उनकी रिकार्डिंग को देखने वाला कोई नहीं है।

# पंचायत को जानकारी नहीं और छाती की जमीन हो गई उद्योग संचालनालय के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

उद्योग संचालनालय को बिना किसी दस्तावेज प्रमाण के जमीन को आबंटित करने पर ग्राम पंचायत छाती ने आपत्ति की है। ग्राम पंचायत छाती के सरपंच दानेश्वरी यादव ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि विकासखंड धमतरी के ग्राम पंचायत छाती की शासकीय जमीन खसरा नंबर 744/1 रकबा 36.6560 को विभिन्न हिस्सों में बांटकर खसरा नंबर 744/37 रकबा 16.1980 हेक्टेयर को पटवारी ने बिना किसी प्रमाणी दस्तावेजों के उद्योग संचालनालय को आबंटित कर दिया है। यह ऑनलाइन छत्तीसगढ़ भू-नक्शा में प्रदर्शित हो रहा है। इससे ग्राम पंचायत छाती एवं ग्रामवासी इस असंवैधानिक कृत्य से बेहद दुखी हैं। सरपंच दानेश्वरी यादव ने बताया कि गांव की जमीन को विभिन्न आवश्यकताओं के लिए सहेजकर रखी गई है, जिसमें शवदाह के लिए मुक्तिधाम, मृतकों को दफनाने के लिए शमशान घाट, खेल मैदान, पशुओं के लिए चारागाह, गोठान, साप्ताहिक बाजार, उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, सियान जतन के लिए जमीन सुरक्षित रखी गई है। लेकिन कोटवार और पटवारी ने धोखा देकर बिना किसी प्रमाण के किए गए हस्तांतरण के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उचित दण्डनीय कार्रवाई की मांग करते हैं।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गोल्लागुड़ा में मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा शुरू



**भोपालपटनम।** भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम गोल्लागुड़ा में मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा 18 अप्रैल को की गई। शनिवार सुबह से 20 अप्रैल तक तीन दिनों तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा। मिली जानकारी के अनुसार तीनों दिन मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन, आरती एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इस अवसर पर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। सभी भक्तों के लिए विशेष भंडारे की व्यवस्था की गई है। धार्मिक आयोजनों में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता को देखते हुए समिति ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। गौरतलब है कि पिछले कई वर्षों से मंदिर निर्माण एवं संबंधित कार्य प्रगति पर थे। जो अब क्षेत्रवासियों और भक्तों के सहयोग से पूर्ण होने जा रहे हैं। मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर दान दिया है।

### सोमनाथ के दिव्य ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकेंगे आज

**जगदलपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के पूर्णकालिक प्रशिक्षक अजय सिंह बैस ने दिव्य रुद्राभिषेक एवं सोमनाथ के ज्योतिर्लिंग के दर्शन हेतु नगरवासियों से निवेदन किया है। रविवार को शाम 6 से 9 बजे तक होने वाले इस आयोजन में वेद विज्ञान महाविद्यापीठ बैंगलुरू के वैदिक पंडितों एवं स्वामी के द्वारा महारूद्राभिषेक एवं दिव्य ज्योतिर्लिंग दर्शनार्थ रखे जाएंगे । उन्होंने बताया कि विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु जाकर ज्योर्तिलिंग के दर्शन करते रहे है पर यह अद्भुत और अलौकिक अवसर प्रथम बार ऐसा हो रहा है जब स्वयं ज्योर्तिलिंग का दर्शन सौभाग्य बस्तर वासियों सहित समस्त छत्तीसगढ़ को प्राप्त हो रहा है । इस दुर्लभ अवसर का श्रेय आध्यात्मिक गुरु रविशंकर को जाता है । जिन्होंने सोमनाथ के दिव्य शिवलिंग जो कि किवदंतियों के अनुसार हवा में तैरता रहता था के विदेशी आक्रांता मोहम्मद गजनी के द्वारा खंडित किए जाने के 1000 वर्ष बाद दक्षिण भारतीय ब्राह्मणों से प्राप्त कर देश के समक्ष प्रस्तुत किया। वैज्ञानिकों से परीक्षित यह विशेष शिवलिंग दिव्य चुंबकीय गुणों से ऊर्जित है। सम्पूर्ण भारत यात्रा के उपरांत इसकी स्थापना सोमनाथ गुजरात में किए जाने की योजना है।

### परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा पर प्रशासन की निगरानी



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा परिवहन आरक्षक के रिक्त पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन 19 अप्रैल को किया जाएगा। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संचालन के लिए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। जिले में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 1:15 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी और कुल 2764 अभ्यर्थी इसमें सम्मिलित होंगे। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रशासन ने उड़नदस्ता दलों को सक्रिय किया है। इन दलों को परीक्षा केंद्रों के कक्षों के साथ-साथ परिसर और मुख्य द्वारों का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

# विद्यार्थियों ने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता का किया अद्भुत प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम में वार्षिक उत्सव "इंद्रधनुष" का भव्य एवं सफल आयोजन विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता का अद्भुत प्रदर्शन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उत्तर प्रदेश की शास्त्रीय नृत्य शैली कथक, गुजरात का ऊर्जावान गरबा, तमिलनाडु का शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम तथा असम का लोकनृत्य बिहू विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इसके साथ ही उत्तराखंड, पंजाब, पश्चिम बंगाल एवं असम की लोकधुनों पर आधारित ऑर्केस्ट्रा एवं समूह प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों को भी सशक्त रूप से मंच पर प्रस्तुत किया। हिंदी नाटक के माध्यम से समाज पर हो रहे दुष्प्रभावों को उजागर किया गया। वहीं अंग्रेज़ी नाटक में आधुनिक जीवन के सोशल मीडिया के प्रभाव और ऑनलाइन दुनिया में सिमटती जीवनशैली को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। इसके अतिरिक्त, जल संरक्षण एवं सतत ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित एक भावपूर्ण माइम प्रस्तुति ने दर्शकों को गहन संदेश दिया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे धर्मेंद्र यादव प्राचार्य नवोदय विद्यालय बारसूर, के.एल. मीणा प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा, कुलदीप सिंह नोडल प्राचार्य एकलव्य विद्यालय जिला दंतेवाड़ा, दीपक सिंह प्राचार्य एकलव्य विद्यालय दंतेवाड़ा एवं वृषभान खांडेकर प्राचार्य एकलव्य विद्यालय कुआकोंडा उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य के कुशल नेतृत्व एवं विद्यालय के सभी स्टॉफ के सहयोग व समर्पण से यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। अपने संबोधन अतिथियों ने कहा कि एकलव्य विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है, जिससे कि वे समाज को नई दिशा देने में सक्षम बन सकें। उन्होंने विद्यालय के इस कार्यक्रम की सराहना की और बच्चों को इसी प्रकार शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### धरमू माहरा महिला पॉलिटेक्निक में तकनीकी शिक्षा की दिखी झलक

# शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय में ज्ञानवर्धक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा




बस्तर जिले के लोहांडीगुड़ा ब्लॉक स्थित पीएम श्री विद्यालय की छात्राओं ने आज शैक्षणिक भ्रमण के दौरान जगदलपुर के दो प्रमुख संस्थानों शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा धर्मू महरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज का दौरा किया।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को कृषि विज्ञान, अनुसंधान

- छात्राओं ने कृषि महाविद्यालय एवं महिला पॉलिटेक्निक का शैक्षणिक भ्रमण किया

और महिला-केंद्रित तकनीकी शिक्षा से परिचित कराना तथा उनके करियर विकल्पों को विस्तार देना था। पीएम श्री विद्यालय लोहांडीगुड़ा की शिक्षिकाओं ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप व्यावहारिक ज्ञान और प्रेरणा प्रदान करने के लिए ऐसे भ्रमण नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। लोहांडीगुड़ा के दूरदराज के गांवों से आई इन छात्राओं के लिए यह दौरा बेहद उत्साहजनक और प्रेरणादायक रहा। चित्रकोट रोड, कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र (इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अधीन) पहुंचकर छात्राओं ने हरे-भरे अनुसंधान फार्म, आधुनिक प्रयोगशालाओं और जैविक खेती इकाइयों को करीब से देखा। संस्थान के शिक्षकों ने छात्राओं को बस्तर की आदिवासी कृषि व्यवस्था, उन्नत फसल किस्मों, वर्मीकंपोस्ट उत्पादन, बागवानी और मत्स्य पालन जैसी तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एक छात्रा ने कहा, "हमने देखा कि महिलाएं भी कृषि क्षेत्र में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। यह दौरा हमें अपनी खेती में नई तकनीक अपनाने की प्रेरणा दे गया है। महाविद्यालय के अधिकारियों ने बीएससी कृषि कोर्स, करियर अवसरों और स्थानीय किसानों के लिए चल रहे विस्तार कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और फोटोग्राफी भी की। भ्रमण के दूसरे चरण में छात्राओं ने धरमू महरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज (कलिपुर रोड, धरमपुरा नंबर-2, जगदलपुर) का दौरा किया। यह संस्थान बस्तर क्षेत्र की महिलाओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है और डायरेक्टरेट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, नव रायपुर के अधीन कार्यरत है। यहां छात्राओं ने विभिन्न डिप्लोमा कोर्सों की प्रयोगशालाओं—जैसे इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स, कास्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग आदि—को देखा। आधुनिक कंप्यूटर लैब, कार्यशालाएं और प्रशिक्षण उपकरणों को देखकर लड़कियों में उत्साह का माहौल छा गया। पॉलिटेक्निक की प्राचार्या और शिक्षिकाओं ने बताया कि यह संस्थान विशेष रूप से लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए स्थापित किया गया है। यहां से पास होने वाली छात्राएं आईटी, इलेक्ट्रिकल, फैशन टेक्नोलॉजी और अन्य क्षेत्रों में अच्छी नौकरियां या स्वरोजगार प्राप्त कर रही हैं। छात्राओं ने पूछा कि 10वीं के बाद प्रवेश कैसे लिया जा सकता है और आगे की पढ़ाई के विकल्प क्या हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण ने पीएम श्री विद्यालय लोहांडीगुड़ा की छात्राओं में कृषि और तकनीकी क्षेत्र के प्रति नई रुचि जागृत की है।

शिक्षिकाओं ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ ऐसे व्यावहारिक दौरे छात्राओं को आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता प्रदान करते हैं। बस्तर संभाग में शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय क्षेत्रीय किसानों को बेहतर उत्पादन की दिशा दिखा रहा है, जबकि धर्मू महरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज महिलाओं को तकनीकी कौशल देकर उन्हें सशक्त बना रहा है। इस भ्रमण में कक्षा 9 और 11 के छात्र, अशोक खापर्डे प्राचार्य, एवं समस्त स्टाफ शामिल थे।

### विद्युत विभाग की लापरवाही से इकाई का संचालन ठप, आवेदक को नुकसान

**गीदम।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा ने 18 अगस्त 2025 को अपने पत्र क्रमांक/न क्र -05/ल उ /वि भा/ 2024 के द्वारा कनिष्ठ यंत्री छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित गीदम को विद्युत कनेक्शन लगाने की अनुशंसा में एक पत्र लिखा था। उक्त पत्र के अनुसार इंद्र कुमार जायसवाल पिता राम आसरे जायसवाल ने अपनी औद्योगिक इकाई मेसर्स इंद्र कुमार जायसवाल फैब्रिकेशन एवं और वेल्डिंग वर्क शॉप के संचालन हेतु 25 एचपी का ट्रांसफार्मर लगाने का आवेदन किया था। कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा कनिष्ठ यंत्री छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी को लिखें पत्र के 9 माह बीतने के बाद भी कंपनी द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। आवेदक इंद्र कुमार जायसवाल ने आरोप लगाया है कि विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते उनकी इकाई का संचालन अब तक प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। जायसवाल का कहना है कि उन्होंने समय पर बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन व आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी कर दी थीं, बावजूद इसके विभाग द्वारा न तो स्थल निरीक्षण किया गया और न ही कनेक्शन दिया गया। इंद्र कुमार जायसवाल ने बताया कि इकाई शुरू न हो पाने के कारण मशीनें बंद पड़ी हैं और उन्हें लगातार आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। बैंक की किश्त, मजदूरों का वेतन और कच्चे माल में लगाया गया निवेश दबाव बढ़ा रहा है। उन्होंने कई बार स्थानीय कार्यालय के चक्कर लगाए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आवेदक ने विभाग के उच्चाधिकारियों से माँग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्थल निरीक्षण कर बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए, ताकि इकाई का संचालन शुरू हो सके और हो रही आर्थिक क्षति को रोका जा सके।

# महिला आरक्षण विधेयक गिरना देश की आधी आबादी का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े 131वें संविधान संशोधन विधेयक के आवश्यक दो-तिहाई बहुमत न मिलने के कारण गिर जाने पर अधिवक्ता दीपिका शोरी, सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

21 घंटे की लंबी बहस के बाद हुई वोटिंग में विधेयक के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े, जबकि संविधान संशोधन के लिए 352 मतों की आवश्यकता थी। दीपिका शोरी ने कहा कि यह केवल एक विधेयक का गिरना नहीं, बल्कि भारत की आधी आबादी यानी महिलाओं का सीधा अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब देश की महिलाओं को उनका अधिकार मिलने का समय आया, जो कोई भीख नहीं, बल्कि उनका संवैधानिक हक है, तब विरोध में मतदान करने वाले सांसदों ने अपनी वास्तविक नारी-विरोधी मानसिकता उजागर कर दी। उन्होंने कहा, क्या इन सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में महिलाओं से वोट नहीं मांगे थे, क्या वे महिलाओं के समर्थन के बिना चुनाव जीत पाए थे, आज जब उस विश्वास और समर्थन का कर्ज चुकाने का समय आया, तब उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़े होकर देश की नारियों को ठगा है। परिसीमन से विधेयक को जोड़ने के मुद्दे पर भी उन्होंने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि यह केवल बहाना बनाकर महिलाओं के अधिकारों को टालने का प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और इस तरह के व्यवहार को कभी स्वीकार नहीं करेंगी।

दीपिका शोरी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि आने वाले समय में देश की हर लोकसभा क्षेत्र की महिलाएं ऐसे सांसदों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगी। भारत की नारियां अब चुप नहीं बैठेंगी, और जिन्होंने उनके अधिकारों का विरोध किया है, वे उनके जनाक्रोश से बच नहीं पाएंगे, उन्होंने कहा।

# पोस्ट ऑफ द मंथ से सम्मानित हुए शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



विकासखंड बस्तर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला ओंडारकोट में कार्यरत शिक्षक उमाशंकर साहू को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिले में पोस्ट ऑफ द मंथ सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा के हाथों प्रदान किया गया, जिसमें उन्हें प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान समारोह गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय में आयोजित नन्हे सितारे कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग बस्तर एवं ओपन लिंक्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि परिस्थितियां कैसी भी हों, यदि हम अपने कार्य को ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करते हैं, तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने समर्पण के साथ बच्चों के समग्र विकास हेतु कार्य कर रहे सभी शिक्षकों की सराहना की।

इस सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडेय, कृषि महाविद्यालय के डीन, बस्तर बीईओ भारती देवांगन, बीआरसी आजाम्बर कोर्राम सहित सभी ब्लॉकों के शिक्षा विभाग के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पोस्ट ऑफ द मंथ पुरस्कार, ओपन लिंक्स फाउंडेशन के आचार्य विनोबा भावे सहायक शिक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु नवाचार करने वाले शिक्षकों को पहचान और प्रोत्साहन देना है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत बोलेगा बचपन, कविता वाचन, कहानी वाचन एवं स्पोकन इंग्लिश मॉर्निंग असेंबली जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के भाषा एवं अभिव्यक्ति कौशल को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय सम्मानित शिक्षकों में डोमेन्द्र गंगबेर, थलेश गंजीर, मीनाक्षी गावड़े, पूर्णिमा मंडावी तथा ब्लॉक स्तरीय शिक्षकों में रामेश्वरी कश्यप, अपर्णा पाल, संगीता सोरी, उपासना साहू, हेमलता कश्यप सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे, जिन्होंने अपने नवाचार और समर्पण से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

इस अवसर पर ओपन लिंक्स फाउंडेशन के प्रतिनिधि एवं जिले के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए तथा शिक्षा

# प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के अध्यक्ष को हटाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित बनियागांव के सदस्य, जिला प्रतिनिधि ने शुक्रवार को बैठक आयोजित कर समिति के अध्यक्ष हरदास मौर्य को मनमानी के चलते उसे हटाने का निर्णय किया। इसके

- सदस्य, जिला प्रतिनिधि ने प्रबंध संचालक के नाम सौंपा ज्ञापन

लिए शनिवार को वन मंडलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन दिया कि अध्यक्ष को हटाया जाए। समिति के सदस्य कै शाबती मौर्य, जिला प्रतिनिधि निरबती मौर्य, सदस्य रमेश ठाकुर, निरन यादव, हरी यादव, डमरू ठाकुर, राजेश ठाकुर, लम्बूधर ने जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित जगदलपुर के प्रबंध संचालक को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि बनियागांव के अध्यक्ष हरदास मौर्य द्वारा संचालक मंडल के सदस्य के शाखकर्तन बैठक एवं उनका सदस्य भत्ता एक वर्ष से नहीं दिया, साथ किसी भी सदस्य में मिलते नहीं है। संचालक मंडल की बैठक में किसी भी सदस्य को नहीं बुलाया जा रहा है। साथ ही अध्यक्ष द्वारा संचालक मंडल के सदस्य को हीन भावना मानकर सदस्यों को नहीं बुलाया जाता है। अध्यक्ष स्वयं संचालक मंडल का निर्णय करते हैं, इसलिए अध्यक्ष को पद से हटाया जाने के लिए सदस्यों ने बैठक लेकर पारित किया गया। इसके अलावा प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित बनियागांव का अध्यक्ष निरबती बनाने की मांग की है।

### प्रबंध संचालक को दिए निर्देश

वन विभाग के बस्तर वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने इस संबंध में बताया कि जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित के प्रबंध संचालक को निर्देश दिया कि मामले में जांच कर प्रक्रिया के अनुसार बनियागांव के अध्यक्ष को हटाएं।

# कंडोली फड़ में शुरू हुआ तेंदुपत्ता संग्रहण व खरीदी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला यूनियन जगदलपुर अंतर्गत बस्तानार समिति के कंडोली फड़ में शनिवार को तेंदुपत्ता संग्रहण एवं खरीदी प्रारंभ किया गया। जिसमें बास्तानार समिति के जोनल अधिकारी के साथ बास्तानार समिति के पोषक अधिकारी प्रबंधक एवं फड़ मुंशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों में बेहद उत्साह देखने को मिला और उन्हें जोनल अधिकारी द्वारा अच्छी गुणवत्ता के पत्ते लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही संग्रहण कार्य में अपने मां के साथ आए छोटे बच्चों को कपड़े, चॉकलेट, बिस्कुट आदि का भी वितरण जोनल अधिकारी योगेश कुमार रात्रे एवं उनकी धर्म पत्नी द्वारा किया गया।

# सोलर योजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों का भुगतान रुका

## विधायक ने उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर विधायक एवं विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने राज्य सरकार का ध्यान सोलर योजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया है। उन्होंने इस संबंध में पत्र लिखकर शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी के अंतर्गत कार्यरत मास्टर टेक्नीशियन पिछले लगभग 12 वर्षों से विभिन्न योजनाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



ये कर्मचारी सोलर पंप, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाईमास्ट और पेयजल जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के संचालन और मेंटेनेंस का कार्य संभाल रहे हैं। विधायक ने कहा कि वर्तमान में करीब 560 सेवा प्रदाता कर्मचारी इस कार्य में लगे हुए हैं, लेकिन जनवरी 2026 से उनका भुगतान लंबित है। भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इन कर्मचारियों की अनुपस्थिति में राज्य की विभिन्न अक्षय ऊर्जा योजनाओं का रखरखाव प्रभावित हो सकता है, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विधायक ने राज्य सरकार से मांग की है कि इस गंभीर विषय को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके और योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से जारी रहे।







